# उत्तर प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति श की गरिमामय उपस्थिति में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का 92 वां दीक्षांत समारोह हुआ संपन्न

**मुख्य अतिथि प्रो.पंकज अरोड़ा, चेयरपर्सन, एनसीटीई शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार तथा विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री कार्यक्रम में रहे मौजूद**

**79,832 विद्यार्थियों को मिली उपाधियाँ, 55,686 स्नातक, 9,150 स्नातकोत्तर, 14,826 प्रोफेशनल पाठ्यक्रम, 167 पीएच.डी. तथा 03 डी.लिट् की उपाधियाँ रहीं शामिल**

**शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 64 मेधावी विद्यार्थियों को कुल 88 स्वर्ण, रजत एवं अन्य पदकों से किया गया सम्मानित, इनमें 46 छात्राएँ एवं 18 छात्र रहे शामिल**

**समारोह में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण कैंप में बेटियों का किया गया वैक्सीनेशन**

अग्र भारत संवाददाता

**आगरा।** सोमवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल का मण्डलायुक्त नगेन्द्र प्रताप , पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार, जिलाधिकारी मनीष बंसल ने खेरिया एयरपोर्ट पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा का 92वां दीक्षांत समारोह शिवाजी मंडपम खंदारी परिसर में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम राज्यपाल ने एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ किया तथा सीएमओ डा.अरूण कुमार श्रीवास्तव को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को अच्छी संगत व अच्छे मित्र चुनने एवं जीवन में नैतिकता को आत्मसाध करने व आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया तथा कोई भी हस्तकला में प्रवीण होने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि जहां भी रहो सीखते रहो, अपने माता पिता से किसी भी बात को छुपाओ मत इसी समाज में रह कर खराब लोगों से बचना भी है और आगे भी बढ़ना है। तत्पश्चत कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्र गीत बंदे मातरम की सुमधुर ध्वनि से हुआ, तत्पश्चात विश्वविद्यालय के कुल गीत के बाद राज्यपाल को उत्तरीय प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशुरानी ने स्वागत संबोधन के बाद विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न कार्य,नवाचार व प्रगति विवरण व प्रतिवेदन को राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 04 सर्वश्रेष्ठ प्राचार्यों को सम्मानित किया गया, पुस्तकों का विमोचन व विश्वविद्यालय में बने नवीन भवनों का राज्यपाल द्वारा बटन दबाकर लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल के समक्ष यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल के बच्चों द्वारा




पर्यावरण व वृक्षों को बचाने का संदेश देते हुए लघुनाटिका एवं लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा भाषण, चित्रकला, वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागी विजेता बच्चों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया,तथा खेलो इण्डिया के तहत 27 खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले समूहों को रू.एक लाख, रजत मेडल वालों को 50 व कास्य पदक प्राप्त करने वालों को रू. 20 हजार का चेक प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा आगरा व इटावा की आंगनबाड़ी कायकत्रियों को आंगनबाड़ी किट वितरण किया गया, राज्यपाल द्वारा जनपद में गर्भाशय कैंसर के प्रति निरंतर जागरूकता अभियान संचालित करने व सराहना पूर्ण वैक्सिनेशन कार्य करने हेतु जिलाधिकारी मनीष बंसल को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि आगरा शिवाजी की बुद्धि चातुर्य के प्रदर्शन का शहर है जहां शिवाजी महाराज को छल से कैद करने पर व कैद को तोड़कर निकल गये, यहां चारों कोनों पर भगवान शंकर विराजमान हैं सामाजिक समरसता, समानता, गरीबों वंचितों के मसीहा बाबा साहब आंबेडकर के नाम पर यूनिवर्सिटी है, उन्होंने कहा कि दीक्षांत, शिक्षांत नहीं है, शिक्षा अनवरत, जिंदगीभर चलती रहती है। कोशिश करने वालों की हार नहीं होती मेडल प्राप्त करने वाले युवा समाज के लिए मॉडल बनें। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से आह्वान किया कि आने वाली पीढ़ी को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करें, उन्होंने सभी उपाधि व मेडल प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि चेयरपर्सन एनसीटीई शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार



प्रो.पंकज अरोड़ा ने कहा कि विकसित भारत हेतु तकनीकी को अपनायें, अपने सामाजिक मूल्यों को न छोड़े तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण रखे, उन्होंने कहा कि विकासित भारत हेतु नॉलेज प्रथम है, अतः अपने मस्तिष्क का अधिक से अधिक उपयोग करें, 2047 में विकसित भारत बनाने हेतु अपनी शिक्षा के माध्यम से योगदान दें।

कार्यक्रम में राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर के संघर्ष, ज्ञान, आत्मसम्मान और सामाजिक न्याय से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि उनका संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत सफलता या रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे प्रभावी साधन है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा 79832 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गई तथा 88 पदकों में से 64 पदक छात्राओं ने प्राप्त किए, जो बेटियों की प्रतिभा, परिश्रम और उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों का प्रमाण है। उन्होंने छात्राओं से आत्मविश्वास, सम्मान और व्यक्तित्व विकास को जीवन की प्राथमिकता बनाने तथा ऐसे जीवनसाथी के चयन की प्रेरणा दी जो उनका सम्मान करे। साथ ही अभिभावकों से बेटियों को उच्च शिक्षा के साथ जीवनोपयोगी कौशल एवं आत्मनिर्भरता के संस्कार देने का आग्रह किया।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से माता-पिता के त्याग का सम्मान करने, सकारात्मक सोच अपनाने, समाजहित में कार्य करने तथा अपनी शिक्षा का उपयोग नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समस्याओं के समाधान और राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वास्तविक सफलता पद प्राप्त करने में नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में है।

राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों में अपार प्रतिभा होती है, आवश्यकता केवल उसे पहचानने और उचित अवसर देने की है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन एवं विचारों पर आधारित अध्ययन, कविता, भाषण, चित्रकला तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की सराहना की तथा शिक्षकों से विद्यार्थियों की प्रतिभा को निरंतर निखारने का आग्रह किया।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल देते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी, स्थानीय संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग, पुनर्चक्रण, मिलेट्स आधारित उत्पादों, स्थानीय शिल्प एवं पर्यावरण-अनुकूल सामग्री को अपनाने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के पुराने भवनों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक धरोहरों का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध उपयोग, पारदर्शिता और नियमित समीक्षा पर बल देते हुए संबद्ध महाविद्यालयों में गुणवत्ता, नवाचार और शैक्षणिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

अंत में उन्होंने सभी उपाधिधारक विद्यार्थियों को बधाई देते हुए सत्यनिष्ठा, अनुशासन, परिश्रम, सेवा-भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ व्यक्त की। कार्यक्रम में मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप, जिलाधिकारी मनीष बंसल , मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह , अपर जिलाधिकारी नगर यमुनाधर चैहान, अपर जिलाधिकारी (ना.आ.) अजय नारायण, कुलसचिव अजय मिश्रा एवं परीक्षा नियंत्रक ओमप्रकाश सहित विश्वविद्यालय के अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## फतेहाबाद के जटपुरा में बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष की चौखट पर वर्षों से जल भराव

**बीजेपी सरकार में भी स्वयं भाजपा कार्यकर्ताओं की नहीं हो रही सुनवाई।**
**जटपुरा गांव के ग्रामीणों के घरों तक चल भराव से बीजेपी की कार्यशैली पर उठे सवाल।**
**घरों की चौखट तक बरसों से भरा पानी BDO फतेहाबाद मोन।**





अग्र भारत संवाददाता

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद तहसील के गांव जटपुरा में दर्जनों घरों की चौखट पर बरसों से गंदे पानी के जल भराव की समस्या बनी हुई है।जिससे वहां के रहने वाले लोगों का जीवन नरक जैसा हो गया है।लोग अपनी समस्या से वर्षो से जूझते चले आ रहे है।लेकिन अभी तक उनकी चौखटों पर भरे पानी का कोई हल नहीं हो पाया है।महिलाओं ने अपनी इस परेशानी को लेकर जगह-जगह,विधायक,सांसद,ब्लॉक, एसडीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत की है। लेकिन निचले स्तर पर रिपोर्ट लगाकर कार्यवाही पूर्ण करा दी जाती है।महिलाओं ने सोमवार को गांव में जल भराव में खड़े होकर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद की गुहार लगाते हुए जल भराव की समस्या को खत्म करने की मांग की है।लेकिन संबंधित अधिकारियों की मौन रहने के कारण आम जनता काफी परेशान है।जिसमें यादव सिंह,राजा बेटी,विमला देवी,जनक सिंह,रविंद्र सिंह,सरनाम सिंह,रामादेवी,लखन सिंह,बाबूराम,अशर्फी देवी,नाहर सिंह, फतेह सिंह अन्य लोगों ने संबंधित अधिकारियों के विकास कार्य पर सवाल खड़े किए है। जबकि भारतीय जनता के कर्मठ कार्यकर्ता की अपनी ही सरकार में कोई सुनवाई नहीं हो रही तो आम जनता का क्या हाल हो सकता है। लोग यह प्रश्न क्क्ष्क्के उच्च पदाधिकारियों से पूछ रहे है। वही लोगों की समस्या को लेकर खंड विकास अधिकारी फतेहाबाद से बातचीत हुई तब कहा कि मैं स्वयं जाकर देखकर समस्या वह जल भराव को देखूंगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अग्र भारत सवाददाता

**आगरा ।** सोमवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, प्रवर्तन, यातायात प्रबंधन एवं दुर्घटना न्यूनीकरण के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए निम्नलिखित निर्देश प्रदान किए गए–




**नो-हेलमेट, नो-फ्यूल नीति**

जनपद में 'नो-हेलमेट, नो-फ्यूल' नीति को प्रभावी एवं कड़ाई से लागू किए जाने के निर्देश दिए गए।

जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन के समन्वय से उक्त व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू कराना सुनिश्चित करें।

**चालान एवं वसूली की समीक्षा**

पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया कि आईटीएमएस एवं भौतिक रूप से किए गए चालानों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करें।

परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा किए गए चालानों में निहित शमन शुल्क/धनराशि की प्रभावी वसूली हेतु संयुक्त कार्ययोजना तैयार की जाए।

**50 से अधिक लंबित चालान वाले वाहन**

जिन वाहनों पर 50 से अधिक चालान लंबित हैं, उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने हेतु परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि ऐसे वाहनो को ब्लैक लिस्ट किया जाए।संबंधित स्वामियों को नोटिस निर्गत किए जाएँ।

आवश्यकतानुसार धारा-53 (पंजीयन निलंबन) एवं धारा-19 (ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन) के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

**आईटीएमएस कैमरों की फोटो उपलब्ध कराना**

आईटीएमएस के संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि परिवहन विभाग को सभी प्रवर्तन योग्य मामलों में आवश्यक फोटो/इमेज उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रभावी चालान कार्रवाई की जा सके।

**सड़कों की खराब स्थिति**

PWD, NHAI एवं नगर निगम द्वारा सड़कों के रख-रखाव की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं निरीक्षण के दौरान देखी गई 05 खराब सड़कों का उल्लेख करते हुए निर्देशित किया गया कि अगले 15 दिनों के भीतर आवश्यक सुधार कार्य पूर्ण किए जाएँ।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने एम.डी. आयुर्वेदिक कॉलेज में लगाया विधिक जागरूकता शिविर

**महिला, बाल, वरिष्ठ नागरिक अधिकारों व साइबर सुरक्षा पर किया गया जागरूक**
**राष्ट्रीय लोक अदालत और जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी**



**आगरा.। एम.डी.** आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बाईपुर, सिकंदरा, आगरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार को पंकज कुमार-द्व, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के निर्देशन में एम.डी. आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बाईपुर, आगरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को निःशुल्क विधिक सहायता, संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, महिला एवं बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, साइबर अपराधों से बचाव, राष्ट्रीय लोक अदालत तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विद्यार्थियों को विधिक साक्षरता के महत्व से अवगत कराते हुए कानून के प्रति जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने शिविर को अत्यंत उपयोगी बताते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा द्वारा आयोजित इस जनजागरूकता अभियान की सराहना की।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, 9 अगस्त तक होंगे दिव्य प्रवचन

अग्र भारत सवाददाता

**किरावली (अग्र भारत)।तहसील** क्षेत्र के ग्राम ब्यारा में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर गाजे-बाजे और भगवान के जयघोष के साथ पूरे गांव में नगर भ्रमण किया। इस दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं में धार्मिक आस्था व उत्साह देखने को मिला।



कलश यात्रा के समापन के बाद नहर पुल के समीप स्थित मोनी बाबा आश्रम में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। कथा व्यास संत मेक श्याम महाराज ने प्रथम दिन श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व और भक्ति मार्ग का वर्णन सुनाया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित किया। आयोजकों के अनुसार धार्मिक आयोजन 3 अगस्त से 9 अगस्त तक प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कथा व्यास द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।इस अवसर पर परीक्षित मोहन कुंतल, श्रीमती ओमवती सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## भाजपा के नवनियुक्त जिला कोषाध्यक्ष ठाकुर नीरज परमार का ग्राम डांडा और नगला भुम्मा में भव्य स्वागत

अग्र भारत संवाददाता

**खेरागढ़ (आगरा)।** भाजपा के नवनियुक्त जिला कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी ठाकुर नीरज परमार का ब्लॉक खेरागढ़ के ग्राम डांडा तथा जगनेर क्षेत्र के ग्राम नगला भुम्मा में ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया।



ग्राम डांडा में आयोजित कार्यक्रम में ठाकुर नीरज परमार का साफा, पटका एवं फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान ब्रजेश सिंह परमार एवं पूर्व प्रधान विजय सिंह के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री उदयप्रताप सिंह सिकरवार भी मौजूद रहे। इसके बाद जगनेर क्षेत्र के ग्राम नगला भुम्मा में भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शिवदत्त परमार के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यहां भी ठाकुर नीरज परमार का साफा, पटका और फूलमालाएं पहनाकर सम्मान किया गया। ग्रामीणों ने उन्हें जिला कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए खुशी व्यक्त की।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ठाकुर नीरज परमार लंबे समय से संगठन एवं समाज सेवा से जुड़े रहे हैं। उनके अनुभव और समर्पण से पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा वे अपने नए दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर प्रधान ब्रजेश सिंह परमार, पूर्व प्रधान विजय सिंह परमार, रमाकांत शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवदत्त परमार सहित ग्राम डांडा, नगला भुम्मा एवं आसपास के क्षेत्रों के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।